Gram: University
E-mail:csjmu@kanpuruniversity.org, registrarcsjmuknp@gmail.com
☎🖷: 91-(0)512-2580044
🖷: 91-(0)512-2570006

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर–208024
Kalyanpur, Kanpur-208024

पत्रांक–सी.एस.जे.एम.वि.वि. / सम्ब0 / 14 / 2021 दिनांकः 02 / 01 / 2021

सेवा में,

प्रबन्धक / सचिव / प्राचार्य (प्रबन्ध समिति)
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
सम्बद्ध–छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

विषयः उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नर्सिंग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को प्रारम्भ करने हेत (शैक्षिक सत्र 2020–21 के लिये) सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–2 के पत्र संख्या–1125 / सत्तर–2–2020–16(165) / 2012 टी0सी0 दिनांक 01 जनवरी, 2021 के निर्देशानुसार शासनादेश संख्या–710 / सत्तर–2–2014–16(165) / 2012 टी०सी० दिनांकः 14.11.2014, संख्याः 373 / सत्तर–2–2020–16(165) / 2012 टी०सी० दिनांकः 11.06.2020, संख्याः 428 / सत्तर–2–2020–16(165) / 2012 टी०सी० दिनांकः 22.06.2020, संख्याः 721 / सत्तर–2–2020–16(165) / 2012 टी०सी० दिनांकः 25.09.2020 एवं इंडियन नर्सिंग काउंसिल, नई दिल्ली के नोटिफिकेशन संख्याः F.No.-I-6/(LT)-2020-INC दिनांकः 24.12.2020 के अनुपालनार्थ कोविड–19 के दृष्टिगत **चिकित्सा शिक्षा विभाग** द्वारा हाल ही में प्रदान की गई अनापत्तियों के दृष्टिगत शैक्षिक सत्र 2020–21 के लिए **नर्सिंग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम** प्रारम्भ करने हेतु सम्बद्धता के प्रस्तावों के निस्तारण हेतु विशेष परिस्थिति में शासन द्वारा सम्यक् विचारोंपरान्त निम्नवत् समय–सारणी निर्धारित की गयी हैः–

क्रम	कार्यवाही	संशोधित समय–सारणी
1.	विश्वविद्यालय में नये पाठ्यक्रमों हेतु अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि	07 जनवरी, 2021 तक।
2.	विश्वविद्यालय में ऑनलाइन जमा किये गये प्रस्तावों के भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाना	10 जनवरी, 2021 तक।
3.	अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत किया जाना	14 जनवरी, 2021 तक।
4.	निरीक्षण मण्डल का गठन	14 जनवरी, 2021 तक।
5.	निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना	18 जनवरी, 2021 तक।
6.	विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि	24 जनवरी, 2021 तक।
7.	शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि	31 जनवरी, 2021 तक।

n: University
nail:csjmu@kanpuruniversity.org, registrarcsjmuknp@gmail.com

☎🖷: 91-(0)512-2580044
🖷: 91-(0)512-2570006

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर–208024
Kalyanpur, Kanpur-208024

8.	शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि	05 फरवरी, 2021 तक।

अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त शासनादेश में उपरोक्त उल्लिखित समय–सारणी का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करायें।

भवदीय,

डॉ.(अनिल कुमार यादव)
कुल सचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन को उनके पत्र संख्या–1125/सत्तर–2–2020–16(165)/2012 टी0सी0 दिनांक 01 जनवरी, 2021 के सम्बन्ध में।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर/ लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
3. सिस्टम मैनेजर, कम्प्यूटर सेण्टर को इस आशय से प्रेषित है कि पत्र को **समस्त महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट** पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. सम्पादक .... को इस आश्य से प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने सम्मानित समाचार पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. निजी सचिव कुलपति, माननीया कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. वैयक्तिक सहायक, कुल सचिव।
7. सम्बन्धित पत्रावली।

डॉ.(अनिल कुमार यादव)
कुल सचिव